an>

Title: Need to give arrears of retired employees of H.E.C. company in Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र रांची में भारतीय सरकार का एक प्रतिष्ठान एचईसी है। पिछले कई वर्षों से एचईसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वर्ष 1997 से 2008 तक के पुनरीक्षण, एरियर एवं अन्य भत्तों का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी चिकित्सा के अभाव में मर गए और अभी जो बहुत से वृद्ध सेवानिवृत्त कर्चचारी हैं वह पैसे के अभाव में इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। बहुत से ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों का इस कारण से जीना दुभर हो गया है। इस बारे में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी, जिसमें सरकारी पक्ष के लोग, एचईसी के चेयरमैन और यूनियन के नेताओं के बीच एक समझौता हुआ कि बकाया भुगतान कर दिया जाएगा, परन्तु अभी तक उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है, जब कि जितने भी सीएमडी और चेयरमैन आए, उन सभी ने कहा कि इनका जो भी बकाया है, उसका भुगतान होना चाहिए। मैं इस संबंध में बार-बार सरकार का ध्यान आकर्षित करता रहा हूं मगर अभी तक इसका भुगतान नहीं किया गया है।

मेरा आपसे आग्रह है कि जिन गरीब कर्मचारियों ने अपने खून-पसीने से एचईसी को सींचा है और इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया है, जितना जल्दी हो सके, उनकी बकाया राशि का भुगतान कर दें, क्योंकि लोग आंदोलित हैं और वहां कभी भी कोई बड़ा आंदोलन हो सकता है। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Tahal Chaudhary.